## खबर संक्षेप

### खाद की कमी से परेशान हैं किसान

**सतना।** किसान नेता मुख्तार अहमद सिद्दीकी ने कहा है कि प्रदेश और जिले में खाद की भारी कमी के कारण किसान बहुत परेशान हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को खाद की एक बोरी के लिए भी तरसना पड़ रहा है और कई जगहों पर उन्हें पर्याप्त बिजली भी नहीं मिल रही है। इस वजह से कृषि उत्पादन पर बुरा असर पड़ रहा है। अगर किसानों को समय पर खाद नहीं मिली तो उन्हें बहुत नुकसान होगा। सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि कुछ व्यापारी खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं और उसे दोगुने से तीन गुने दाम पर बेच रहे हैं। इस समस्या को जल्द से जल्द खत्म करने की मांग करते हुए कांग्रेस नेताओं ने सरकार और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करने को कहा है,ताकि किसानों को इस संकट से राहत मिल सके। किसान नेता जितेंद्र जीवनी,बंटी वसानी और देशराज सिंह पटेल सहित कई अन्य नेताओं ने भी इस मांग का समर्थन किया है।

### आवारा मवेशियों को पकड़ने चल रहा अभियान

**कटनी।** नगरीय क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गों में आवारा घूमने वाले मवेशियों से निजात दिलाकर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया करने के मद्देनजर निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम की हाका गैंग द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो में आवारा रूप से विचरण कर यातायात को बाधित करनें एवं गंदगी फैलानें वाले मवेशियों को पकड़ने का अभियान चला रही है। आवारा मवेशियों को पकड़ने के अभियान में गति लाते हुए निगम की हाका गैंग की टीम द्वारा जहां नगर के मुख्य मार्गो से आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजने का कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर मृत मवेशियों को वाहनों के माध्यम से ले जाकर उनका नियामानुसार निपटान भी कराया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक चार सैकड़ा से अधिक आवारा मवेशियों को पकड़कर झिंझरी कांजी हाउस में बंद कराया जा चुका है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर के पशुपालकों से अपने पालतू मवेशियों को निर्धारित स्थल पर बांधकर रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

### ई-केवायसी करने निगम के गठित दल द्वारा कार्य जारी

**कटनी।** समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आई.डी को रिकवर करते हुए आधार के साथ ई-केवायसी कार्य पूर्ण करते हुए शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को प्रदान कराने के उद्देश्य से उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा गठित पांच सदस्यीय दल का गठन किया गया है। उक्त दल रोजाना नगर निगम के समग्र काउंटर क्रमांक 51 मे दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक बैठ कर में कार्य संपादित किया जा रहा है। गठित दल द्वारा बताया गया कि गुरुवार दोपहर 1 बजे तक लगभग 25 आवेदकों की समग्र आई को रिकवर किया जाकर उनकी आधार के साथ ई-केवाईसी करा दी गई है।

### अब 13 अगस्त तक किया जा सकेगा आवेदन

**कटनी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि 13 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई थी। विद्यालय के प्राचार्य श्री आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले के ही निवासी हों। चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना

# बिरला सीमेंट फैक्ट्री के गार्डों पर ड्राइवरों से मारपीट का आरोप

सतना।

*बिरला सीमेंट फैक्ट्री में एक नया विवाद सामने आया है,जहां सिक्योरिटी गार्डों पर दो ट्रक ड्राइवरों के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। फैक्ट्री,जो पहले से ही ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन के लिए जानी जाती है,पर अब ड्राइवरों के साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप है।*





यह घटना फैक्ट्री की पार्किंग में हुई। सतना ट्रक एसोसिएशन ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करेंगे। एसोसिएशन का कहना है कि फैक्ट्री,जो ड्राइवरों के जूते,हेलमेट और वर्दी के किराए से लाखों कमाती है,उसके गार्ड ड्राइवरों के साथ जानवरों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि दोषी गार्डों को तुरंत नौकरी से निकाला जाए और उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। एसोसिएशन ने ड्राइवरों के सम्मान में,ट्रक एसोसिएशन मैदान में नारे के साथ आंदोलन की घोषणा की है।

# मैहर में नशीली कफ सिरप बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार



मैहर।

पुलिस ने अवैध रूप से नशीली कफ सिरप बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। आरोपी के पास से 78 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त की गई है,जिसकी बाजार में काफी मांग है। यह कार्रवाई मैहर में नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस को 21 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अरफान खान और उसका एक रिश्तेदार मदार छल्ला के पास नशीली कफ सिरप बेच रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान,एक आरोपी पुलिस को देखकर भागने में सफल रहा,लेकिन अरफान खान 35 वर्ष को पकड़ लिया गया। उसके पास से एक बैग में रखी हुई ऑनरेक्स कंपनी की 78 शीशी कफ सिरप मिली।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस और ड्रग कंट्रोल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी,एसआई सुरेश सिंह,रजनीश मिश्रा,आरक्षक राजेंद्र सिंह,जय बागरी,अनूप तिवारी,और महिला आरक्षक अलका तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

### मैहर में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप से चांदी का बॉक्स चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

मैहर।

शहर के एक व्यस्त इलाके में स्थित ज्वेलरी की दुकान से दिनदहाड़े चांदी का एक बॉक्स चोरी हो गया। यह घटना बुधवार दोपहर करीब 2:37 बजे की है,जब दो महिलाएं ग्राहक बनकर दुकान में आईं। उन्होंने बातों में उलझाकर दुकानदार का ध्यान भटकाया और चुपचाप चांदी का बॉक्स लेकर भाग गईं। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में दोनों महिलाओं की संदिग्ध हरकतें साफ तौर पर देखी जा सकती हैं। दुकानदार,संतोष सोनी,ने स्टॉक चेक करने पर चोरी का पता चला,जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 70 से 80 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है और महिलाओं की तलाश कर रही है। इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है। व्यापारी संघ ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और बाजार क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# सतना की मीनाक्षी 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की ब्रांड एम्बेसडर बनी



**सतना।** सतना की होनहार बेटी मीनाक्षी सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल कर मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। मारुति नगर निवासी मीनाक्षी ने हाल ही में आयोजित मिस एशिया यूनिवर्स 2024 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने मिस टीन इंडिया 2024 और मिस टीन एमपी 2024 का खिताब अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए शुक्रवार को सतना जिला प्रशासन ने उन्हें 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। मीनाक्षी की यह उपलब्धि उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है। साथ ही यह पूरे जिले के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बनी है। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाली मीनाक्षी ने कठिन मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। पिता सत्यभान सिंह निजी कांट्रेक्टर और मां कीर्ति सिंह जनपद सदस्य है। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने अपनी प्रतिभा के साथ भारतीय संस्कृति,परिधान और मूल्यों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन ने उनकी इस उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम माना है। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में मीनाक्षी जिले में बेटियों की शिक्षा,सुरक्षा और सम्मान के लिए जागरूकता फैलाएंगी। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि अगर बेटियों को सही अवसर और प्रोत्साहन मिले,तो वे किसी भी मंच पर देश का नाम रोशन कर सकती हैं। मीनाक्षी अब जिले की नई रोल मॉडल बन चुकी हैं। उनसे हजारों बच्चियां प्रेरणा लेंगी।

# सतना जिले के 214 गांव नक्शा विहीन, जल्द डिजिटाइज होंगे नक्शे




**सतना।** जिले के 214 गांव नक्शाविहीन होने का मुद्दा विधानसभा में उठाया गया। रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह 'विक्की' ने यह सवाल उठाया था। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सदन को बताया कि इनमें से 126 गांवों के नक्शे डिजिटाइज करके भू-लेख पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे हैं। बाकी 118 गांवों में से 90 के नक्शे डिजिटाइज हो चुके हैं और बाकी पर काम चल रहा है। मंत्री ने कहा कि इन गांवों में सीमांकन और बंटवारे जैसे राजस्व संबंधी काम रुके हुए हैं,जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि वे सतना के प्रभारी मंत्री हैं और इस समस्या से अवगत हैं,इसलिए इसे जल्द से जल्द सुलझाने का प्रयास करेंगे। मंत्री ने यह भी बताया कि इस काम के पूरा होने की कोई निश्चित समय सीमा बताना संभव नहीं है।

# विधायक नागेन्द्र सिंह ने किया कृषि संग्रहालय का अवलोकन



**सतना।** नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह ने पिथौराबाद में पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा बनाए गए कृषि उपकरणों के संग्रहालय का दौरा किया। उन्होंने वहां परम्परागत कृषि से जुड़े पुराने और भुला दिए गए उपकरणों को देखा और उनके बारे में जानकारी ली। विधायक सिंह विलुप्त हो रहे धान,गेहूं और मोटे अनाजों के बीजों के संग्रह को देखकर हैरान रह गए। पद्मश्री दाहिया ने उन्हें कोल और खैरवार समाज पर लिखी अपनी पुस्तक भी भेंट की। इस अवसर पर वन परिक्षेत्राधिकारी सचिन नामदेव, कृषि विभाग के सेवानिवृत्त उपनिदेशक आर.एस.चर्मकार,समाजसेवी शरद सिंह कुम्हारे और वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दाहिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। विधायक ने बाबूलाल दाहिया के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह नई पीढ़ी को हमारी कृषि विरासत से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किये जाये चित्रकूट विकास के कार्यः कमिश्नर






चित्रकूट में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**सतना।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने शुक्रवार को चित्रकूट पहुंचकर विकास कार्यों एवं परियोजना कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चित्रकूट का विकास राज्य शासन की प्राथमिकता का विषय है। चित्रकूट में चल रहे विकास परियोजनाओं और निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,एसडीएम एपी द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन,कोषाध्यक्ष बसंत पंडित,सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के राजेन्द्र मिश्रा,ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। कमिश्नर रीवा संभाग श्री जामोद ने चित्रकूट विकास परियोजना के प्रस्तावित कार्यों एवं प्रगतिरत विकास निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर चित्रकूट की समेकित विकास योजना का पावर पाइंट प्रजेन्टेशन भी दिया गया। बैठक के बाद कमिश्नर ने चित्रकूट विकास कार्यों के स्थल निरीक्षण कर प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने चित्रकूट नगर के मुख्य मार्ग मोहकमगढ तिराहे से पीली कोठी तक बन रही उच्च स्तरीय सीमेंट कांक्रीट रोड के कार्य का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने कामदगिरी परिक्रमा के निर्माण कार्य और अण्डर ग्राउण्ड इलेक्ट्रिफिकेशन के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने चित्रकूट के विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

# बरगी नहर की सुरंग का काम दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद






**सतना।** सांसद गणेश सिंह ने हाल ही में स्लीमनाबाद में बन रही बरगी बांध की दाईं तट नहर की सुरंग के काम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस सुरंग का काम दिसंबर 2025 तक पूरा होने की संभावना है,क्योंकि अब सिर्फ 850 मीटर की खुदाई बाकी है। सांसद ने कहा कि शहर के बीचों-बीच सुरंग बनाने का काम बहुत सावधानी से किया जा रहा है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि सुरक्षा के लिए दोनों तरफ की सड़कें बंद कर दी गई हैं और मशीनें नीचे काम कर रही हैं। इस काम की समीक्षा की गई है और इसकी पूरी जानकारी प्रमुख सचिव राजेश राजौरा को दे दी गई है। सांसद ने बताया कि उन्होंने दिल्ली में मुख्यमंत्री से भी इस काम को जल्दी पूरा करने के बारे में बात की थी,जिसके बाद वे खुद यहां काम की स्थिति देखने आए। कंपनी और नहर के अधिकारी मिलकर इस काम को पूरा कर रहे हैं।

# राजापुर में मनाया गया गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्मोत्सव



सतना

प्रान्तीय जागरूकता संस्थान ने महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्म जयंती उनकी जन्मस्थली राजापुर,चित्रकूट में मनाई। संस्थान के पदाधिकारियों ने वहां पहुंचकर तुलसीदास जी की मूल प्रतिमा की आरती की और आशीर्वाद लिया। वृन्दावन से आए स्वामी रामदास जी महाराज के सानिध्य में सैकड़ों संतों और श्रद्धालुओं ने संगीतमय श्री रामचरितमानस पाठ में हिस्सा लिया। इस आयोजन में मानस की चौपाइयों का सामूहिक गायन हुआ,जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। संस्थान,जो पिछले 22 सालों से तुलसीदास जी के आदर्शों का प्रचार कर रहा है,ने इस बार उनकी जन्मस्थली पर जाकर यह अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम में संत-महात्माओं ने तुलसी दास जी के ग्रंथों में निहित मानव धर्म और सृष्टि कल्याण के संदेशों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कई गणमान्य लोग और स्थानीय भक्तगण उपस्थित थे।

# वंदेमातरम के साथ हुई कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत

सतना।



म.प्र.शासन के निर्देशानुसार अगस्त माह के प्रथम कार्य दिवस शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन से हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई। इस मौके पर एसडीएम एलआर जांगडे सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिशा की बैठक आज शाम 3 बजे

**सतना।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 2 अगस्त 2025 को शाम 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। दिशा की बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन,स्मार्ट सिटी सतना के निर्माण कार्य,जो निर्माण कार्य अभी चल रहे हैं उनकी आद्तन स्थिति,कार्यों की गुणवत्ता की प्राप्त शिकायतों के निराकरण,सायकल ट्रेक के निर्माण कार्य की उपयोगिता,जो निर्माण कार्य कराये गये है उसकी गाइड लाइन,एनएचएआई मैहर से सतना-चित्रकूट के निर्माण कार्यों,एनएचपीडब्ल्यूडी केन्द्र सरकार की वित्तीय सहायता से सडक निर्माण बेला से सतना,नागौद से जसो सलेहा निर्माण कार्यों,बमीठा से सतना राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण संबंधी स्वीकृत,एमपीआरडीसी (शहडोल) सतना,तिघरा से उचेहरा,मैहर सरला नगर,बरही,उमरिया रोड के निर्माण कार्य,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की योजनावार संख्या की जानकारी,सतना में चल रहे रेलवे निर्माण कार्यों,सतना हवाई अड्डे के विस्तार के संबंध में अब तक की प्रगति,बरगी बांध से दांयीतट पर नहर तथा जल जीवनमिशन द्वारा निर्माणाधीन हर घर नल से जल योजना की समीक्षा की जायेगी।

# मैहर में निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन



**मैहर।** हरनामपुर कृषि मंडी में निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दूर-दराज से आकर भाग लिया और पूज्य श्री निरंकारी राजपिता रमित के मुखारविंद से सत्संग का रसपान किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानवता,प्रेम,शांति,और एकता के मूल्यों को बढ़ावा देना और आध्यात्मिकता का संदेश फैलाना था। निरंकारी संत समागम का यह आयोजन मानवता के संदेश को विश्वभर में फैलाने की निरंकारी मिशन की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। सतगुरु श्री राजपिता रमित जी ने अपने प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को आत्मिक उन्नति और ईश्वर प्रेम का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से सत्संग सुना और पूज्य महाराज जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यह समागम आध्यात्मिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ।इस आयोजन में भारी संख्या में भक्तों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया और मैहर में एक सकारात्मक व आध्यात्मिक माहौल का संचार किया।

**खबर संक्षेप**

## श्रीमती अर्चना तिवारी की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



**पवई।** पवई विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी में उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर पदस्थ श्रीमती अर्चना तिवारी की सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय मे गरिमामयी समारोह मे उन्हे भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नम्रता जैन बीईओ, संकुल प्राचार्य जयकुमार पांडेय सहित विद्यालयीन स्टाफ, गणमान्य नागरिक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## नगर निकाय में 37 वर्ष सेवायें देने के बाद प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी घनश्याम पांडे हुए सेवामुक्त



**अमानगंज।** पन्ना जिले के नगर निकाय अमानगंज में पंचायत कालीन समय से अपनी सेवा दे रहे घनश्याम प्रसाद पांडेय प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी आज 1 अगस्त को बैंड बाजे के साथ विदा कर दिए गए। इनका यह विदाई समारोह नगर के साइं मंडप में आयोजित हुआ। जहां कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक रहीं एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपाध्यक्ष और पार्षद मुकेश चोबे राजू भैया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति प्रचार एसके शर्मा और अशोक दुबे दादा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मां आदि शक्ति सरस्वती की पूजा अर्चना करने के साथ ही उपस्थित अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। तदुपरांत सेवानिवृत हुए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी घनश्याम पांडे जी की कार्य कुशलता पर अपने विचार प्रकट करते हुए नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने कहा कि आप अल्प समय के लिए अर्थात एक माह के लिए अमानगंज के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी का दायित्व आपने संभाल लेकिन वह भी बड़ी गंभीरता और सरलता के साथ आपने सहयोग किया। ज्ञात हो कि आप अपने स्वभाव और मृदु भाषित को लेकर नगर निकाय अमानगंज में हमेशा याद किए जाएंगे। इसी तरह पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद मुकेश चोबे राजू भैया ने अपने विचार में बताया कि आप पंचायत कालीन समय से यहां सेवा में आए और हर व्यक्ति के लिए लोकप्रिय रहे और शासन की जनकल्याण कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को देने के साथ ही उसका लाभ देने में प्रयासरत रहे। स्वच्छता अभियान को लेकर आपका स्थानीय जनता से हमेशा अनुरोध चला और आज जाते-जाते हर कर्मचारी से आपका इसने प्रेम बराबर निरंतर चला। याद हो कि आप पंचायत कालीन समय से वर्ष 1983 में यहाँ सेवा में आए जबकि वर्ष 1989 में आप नियमित सेवक के रूप में नगर निकाय में नियुक्त हुए और बीच में एक बार अमानगंज से दमोह स्थानांतरण में पहुंचे तदुपरांत पुन वापसी के साथ अपना एक प्रमोशन लेने के साथ ही राजस्व निरीक्षक पद पर अपनी सेवा दी और गत 1 माह से प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में नगर निकाय अमानगंज को सेवा दी। कार्यक्रम के अंत में सेवा मुक्त हुए प्रभारी सीएमओ घनश्याम पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान और हार्दिक अभिनंदन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात नगर निकाय अमानगंज के समस्त कर्मचारियों और उनके साथियों ने पूरे उत्साह के साथ बैंड बाजों के साथ मुख्य मंदिरों में जाकर आशीर्वाद लेने के बाद घर तक पहुंचाया।

### कृष्णगढ़ में 26 वर्षीय युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

# मृतक द्वारा आरोपियों की बहन से की जा रही थी छेड़खानी तंग आकर प्लान के तहत शराब पिलाकर की गई हत्या

### पवई थाना अंतर्गत ग्राम कृष्णगढ़ के हाट बाजार की घटना

**पवई।** पवई थाना अंतर्गत ग्राम कृष्णगढ़ में बीते 29-30 जुलाई को हाट बाजार में 26 वर्षीय युवक लोकपाल लोधी का संदिग्ध अवस्था खून से लथपथ शव मिला था। जिसके बाद पुलिस ने हत्या की आशंका के चलते मामला दर्ज कर जांच शुरू की जिसमें शक के आधार पर गांव के ही धर्वेंद्र लोधी सहित एक नाबालिक दो युवाओं को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई जिसमें दोनों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक द्वारा आरोपियों की बहन के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी, कई बार समझाने के बावजूद न मानने पर 29 जुलाई की रात्रि शराब







पिलाकर प्लान बनाकर उसकी हत्या की गई।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित किया पौधरोपण कार्यक्रम



पन्ना।

कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा प्रारंभ ''एक पेड़ माँ के नाम'' योजना के क्रियान्वयन के तहत आज जिला अभियोजन संचालनालय, जिला पन्ना (म.प्र.) द्वारा वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर वन विभाग क्षेत्र के अंतर्गत बीट कौआ सेहा में वृक्षारोपण कार्यक्रम को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर सहायक निदेशक अभियोजन श्रीमती ज्योति जैन सहित समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने माता-पिता के सम्मान एवं पर्यावरण संवर्धन की भावना के साथ पौधारोपण किया। पर्यावरण संतुलन तथा हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य को सफल बनाने हेतु अपने-अपने संकल्प दोहराए। अंत में, सहायक निदेशक अभियोजन श्रीमती ज्योति जैन ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक नागरिक को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहें। “हर पौधा हमारे पूर्वजों के आर्शीवाद का प्रतीक है। हम सभी पर यह जिम्मेदारी है कि पौधों की उचित देखभाल करें, ताकि वे हमारे वातावरण को शुद्ध व संतुलित रखने में अपनी भूमिका निभा सकें।”

## पन्ना थाना बृजपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुए 25 वर्षीय युवक को, डायल-112/100 जवानों ने अस्पताल पहुँचाया





पन्ना।

थाना बृजपुर क्षेत्र में इटवा खास गाँव में मोटर साईकिल से गिरकर एक युवक घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 01-08-2025 को सुबह 05 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बृजपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक रामनिरंजन एवं पायलेट अजय मांझी ने मौके पर पहुँचकर बताया कि मोटर साईकिल से गिरकर एक युवक घायल हो गया था। डायल-112/100 जवानों ने घायल युवक को एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती कराया, जहाँ घायल युवक शंकर आदिवासी उम्र 25 वर्ष निवासी उमरी का उपचार किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण



**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ.एस.डी.चतुर्वेदी के निर्देशन में महाविद्यालय के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज दिनांक 1अगस्त 2025 को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, लक्ष्य, ध्येय , एक दिवसीय गतिविधियों, विशेष शिविर गतिविधियों एवं प्रमाण पत्रों के प्रकार आदि की जानकारी नव प्रवेशित विद्यार्थियों को दी गई। प्राचार्य डॉ.एस.डी.चतुर्वेदी जी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित किया। डॉ.जे.के. वर्मा जी ने छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया डॉ. मनोरमा गुप्ता मैडम ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना विषय लेने के लिए प्रेरित किया, डॉ.पी.पी. मिश्रा जी ने विशेष शिविर से संबंधित रोचक जानकारी देकर छात्रों को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. मनोज कुमार शुक्ल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना से लेकर प्रमाण पत्रों तक संपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी, कार्यक्रम का संचालन श्री अरविंद निषाद एवं आभार प्रदर्शन डॉ.रचना गुप्ता ने किया , कार्यक्रम में लगभग सौ स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सोने-चाँदी की दुकान पर काम करने वाले आरोपी कारीगर को पश्चिम बंगाल से किया गया गिरफ्तार

### *आरोपी के कब्जे से 8 लाख रुपये नगदी व 4 ग्राम 950 मि.ग्राम सोना किया गया जप्त*





**पन्ना।** देवेन्द्र नगर थाना क्षेत्र से लाखो का कीमती सोना लेकर फरार हुए, सोने-चाँदी की दुकान पर काम करने वाले आरोपी कारीगर को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में फरियादी द्वारा दिनांक 18.07.25 को थाना देवेन्द्रनगर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि वह सोमनाथ यात्रा हेतु परिवार सहित दिनांक 09.07.25 को बाहर गए थे। जाने से पूर्व उन्होंने अपनी दुकान में कार्यरत कारीगर आलमगीर शेख को लगभग 250 ग्राम वजनी सोने की पत्तियाँ, आभूषण निर्माण हेतु सौंपी थीं। यात्रा से लौटने पर फरियादी ने पाया कि दुकान और ऊपर बना रिहायशी मकान दोनों बंद हैं और कारीगर का मोबाइल भी बंद है। फरियादी की शिकायत पर आरोपी द्वारा अमानत में दी गई वस्तु का दुरुपयोग कर फरार हो जाने पर थाना देवेन्द्रनगर में मामले मे सुसंगत विभिन्न धाराओं मे प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये थे। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारम्भ की गई। लगातार पतारसी एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पश्चिम बंगाल राज्य के हुगली जिले में छिपा हुआ है। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी शेख आलमगीर को जिला हुगली, पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह देवेंद्रनगर स्थित दुकान मे काम करता था जहां मौके फायद उठाकर उसने सोना लेकर कुछ हिस्सा नागौद की एक दुकान में बेचा एवं शेष सोना अपने गृह ज़िला हुगली में फेरीवालों को बेचकर नगदी अर्जित की है। पुलिस टीम द्वारा मामले मे नागौद स्थित सोना खरीदने वाले दुकान मालिक सहित गिरफ्तार दोनो आरोरियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

### जप्त सामग्री-

आरोपी के कब्जे से नगद राशि 8,00,000/-(08 लाख रुपये) सह-अभियुक्त (सोना खरीदने वाला व्यक्ति) के कब्जे से कुल 4 ग्राम 950 मिलीग्राम सोना।

### नाम, पता आरोपी-

1. शेख आलमगीर अली पिता शेख कयूम अली उम्र 36 साल निवासी आरासुचिया थाना चण्डीतला जिला हुगली पश्चिम बंगाल।
2. अतुल लक्ष्मण जगताप पिता लक्ष्मण जगताप उम्र 35 साल हाल निवासी दद्दूसागर शराफा बाजार नागौद जिला सतना। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर रामआसरे सोनकर, देवेन्द्रनगर थाना स्टाफ एवं सायबर सेल पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर देवेंद्रनगर सीएचसी में जागरूकता कार्यक्रम

### घर-घर पहुँचाओ संदेश, माँ का दूध है सबसे विशेष - डॉ. अभिषेक जैन



**देवेंद्रनगर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन के नेतृत्व में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवजात शिशुओं की माताओं, स्वास्थ्यकर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को स्तनपान के वैज्ञानिक, सामाजिक और भावनात्मक महत्व से परिचित कराया गया। डॉ. अभिषेक जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्तनपान कोई साधारण प्रक्रिया नहीं, यह एक जैव-सामाजिक क्रिया है, जिसमें माँ का दूध शिशु को पोषण देने के साथ ही मातृत्व का भावनात्मक जुड़ाव भी सुनिश्चित करता है।ष उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में ऑक्सीटोसिन और प्रोलैक्टिन जैसे हार्मोन मातृ-शिशु संबंध को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्तनपान से न केवल शिशु को पोषण मिलता है, बल्कि माँ के शरीर में भी शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहता है।

### भ्रांतियों को दूर करना ज़रूरी-

डॉ. जैन ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि “आज भी समाज में स्तनपान को लेकर अनेक प्रकार की भ्रांतियाँ प्रचलित हैं। विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं के लिए यह एक चुनौती है कि वे शिशु की देखभाल और कार्यस्थल की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बना सकें। उन्होंने कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह का मुख्य उद्देश्य इन्हीं सामाजिक चुनौतियों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए जनजागरूकता फैलाना है।

### कोलोस्ट्रम और अनन्य स्तनपान का महत्व-

कार्यक्रम में उपस्थित माताओं को स्तनपान के सही तरीके, जन्म के तुरंत बाद दिए जाने वाले गाढ़े दूध (कोलोस्ट्रम) के महत्व तथा छह माह तक केवल माँ का दूध देने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. जैन ने स्पष्ट किया कि जन्म के पहले घंटे में माँ का दूध पिलाना नवजात के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होता है यह शिशु के लिए प्राकृतिक टीकाकरण के समान है, जो उसे अनेक बीमारियों से बचाता है।

### परंपरागत गलतियाँ हैं नुकसानदायक-

डॉ. जैन ने कहा आज भी कई जगहों पर परंपरागत मान्यताओं के चलते नवजात को पहले शहद, घुट्टी या पानी दिया जाता है, जो अत्यंत हानिकारक है। हमें इन रूढ़ियों से आगे बढ़कर माताओं को वैज्ञानिक जानकारी देनी होगी।

### सभी मिलकर फैलाएं संदेश-

डॉ. जैन ने सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिकाओं और नागरिकों से आह्वान किया कि घर-घर जाकर यह संदेश पहुँचाएँ कि माँ का दूध ही नवजात के लिए सर्वोत्तम आहार है। प्रत्येक माँ को गर्व से स्तनपान कराना चाहिए और समाज को इसके लिए उन्हें पूरा समर्थन देना चाहिए। कार्यक्रम में बीपीएम संध्या परिहार, बीसीएम सोनम अवस्थी, बीईई सोमवती प्रजापति, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# शिक्षा, साधना और समाजसेवा के 44 स्वर्णिम वर्ष, देवेंद्रनगर को जीवन का केंद्र मानने वाले कंधीलाल गुप्ता को दी विदाई



देवेंद्रनगर में भावभीना सम्मान समारोह, जीवन भर इसी नगर की मिट्टी से निभाया अटूट रिश्ता

**देवेंद्रनगर।** शब्द जहाँ थम जाते हैं, वहाँ जीवन की साधना बोलती है। ऐसा ही एक प्रेरक जीवन आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में सम्मानित हुआ कृ वह जीवन, जो शिक्षा, सेवा, साधना और समाज के प्रति निष्ठा की मिसाल बना रहा। श्री कंधीलाल गुप्ता जी, जिन्होंने 44 वर्षों तक देवेंद्रनगर की धरती को कर्मभूमि बनाकर अपनी संपूर्ण जीवन यात्रा यहीं समर्पित की, आज विदाई के भावुक क्षणों का साक्षी बना। श्री गुप्ता की प्रथम नियुक्ति 11 मई 1981 को प्रयोगशाला सहायक के रूप में इसी विद्यालय में हुई थी। चार वर्षों पश्चात, 1985 में वे सहायक शिक्षक बने कृ और यहीं से प्रारंभ हुई एक अविरल सेवा-यात्रा, जो निष्ठा, कर्मठता और आत्मीय जुड़ाव की अमिट गाथा बन गई। मूलतः सारंगपुर (तहसील शाहनगर, जिला पन्ना) के निवासी श्री गुप्ता ने कभी स्थानांतरण या पदोन्नति की आकांक्षा नहीं की। उनके लिए देवेंद्रनगर सिर्फ कार्यक्षेत्र नहीं, आत्मिक संबंधों की भूमि रही। इसी गहरे जुड़ाव ने उन्हें यहीं बसने को प्रेरित किया। आज वे अपना स्वयं का मकान बनाकर देवेंद्रनगर को स्थायी निवास बना चुके हैं।

### सेवा-निवृत्ति पर गरिमामय समारोह-

आज आयोजित विदाई समारोह में विद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में शिक्षकों, विद्यार्थियों, परिजनों और नगरजनों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। विशिष्ट अतिथियों में पं. आशाराम शर्मा, आई.एच. उस्मानी, रामलखन शुक्ला, पं. उमेश शर्मा, आई.के. जैन, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आर.के. पांडेय, तथा गायत्री परिवार पन्ना के मुख्य ट्रस्टी फूल सिंह और जिला समन्वयक एल.डी. सिंह उपस्थित रहे। श्री गुप्ता की माता श्रीमती शांति देवी, बहन सरोज, भांजे-भांजियाँ, पत्नी अनीता गुप्ता, बेटा निखिल, बेटियाँ स्वर्णिका और रेणुका, सहित परिवार के अन्य सदस्य इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु और शिक्षण परिवार की गरिमामय उपस्थिति ने समारोह को गौरवशाली बना दिया।

### हर्षोल्लास एवं सद्भावपूर्वक मनाएं आगामी त्यौहार- कलेक्टर

# श्री बल्देव उत्सव एवं जन्माष्टमी पर्व की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

पन्ना।





कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि आगामी दिवसों में विभिन्न त्यौहारों को हर्षोल्लास एवं सद्भावपूर्वक मनाया जाए। विभिन्न अवसरों पर मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा आवश्यक तैयारियों के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारी समय पूर्व आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें, जिससे श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 14 अगस्त को बलराम जयंती एवं 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत संपन्न हुई तैयारी बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, एसडीओपी एस.पी.एस. बघेल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कुमार ने बैठक के अवसर पर अवगत कराया कि इस वर्ष के धार्मिक आयोजन में पर्व के लिए निर्धारित राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस बार पर्ची व्यवस्था पर प्रतिबंध रहेगा। स्वीकृत राशि का अग्रिम आहरण भी किया जा सकेगा। श्रद्धालुओ से विभिन्न सामग्री प्राप्त करने पर कोई रोक नहीं रहेगी। उन्होंने विभिन्न पर्वों के दौरान पुरूष एवं महिला श्रद्धालुओं को सुलभ तरीके से दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित मेडिकल टीम की तैनाती, नगर पालिका की सड़को की मरम्मत, सही गुणवत्ता की सामग्री का भोग में उपयोग सहित नियमित अंतराल पर साफ-सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों की तैनाती कर पुलिस प्रशासन से जरूरी समन्वय, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए वैकल्पिक रूप से जनरेटर की व्यवस्था तथा व्यवस्थित रूप से दान व चढ़ावा इत्यादि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने के संबंध में निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त शुद्ध पेयजल, बेरीकेटिंग, एलईडी के माध्यम से लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था, मंदिर पहुंच मार्ग को दुरूस्त कराने, सुरक्षा प्रबंध सहित सभी मंदिरों में जरूरी मरम्मत कार्य व साफ-सफाई व्यवस्था समय पूर्व कराने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष हरछट पर्व पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विभिन्न पर्वों के दौरान जनसुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। उन्होंने अवगत कराया कि इस वर्ष के आयोजन में भी किसी विशेष प्रवेश व्यवस्था पर रोक रहेगी। उन्होंने मंदिर परिसरों में अग्निशामक यंत्रों के सही संचालन का परीक्षण करने सहित प्रसाद वितरण की उचित व्यवस्था व बेहतर यातायात के संबंध में अवगत कराया।

### कार्यक्रमों की रूपरेखा-

श्री बल्देव उत्सव (हलषष्ठी) का कार्यक्रम श्री बल्देव जी मंदिर पन्ना में होगा। 14 अगस्त को दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव, 19 अगस्त को रात्रि 9 बजे छट तथा 20 अगस्त को रात्रि 10 बजे से भण्डारा एवं महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इसी तरह श्री जुगल किशोर जी मंदिर पन्ना प्रांगण में 16 अगस्त से जन्माष्टमी के विविध कार्यक्रम होंगे। इस दिन रात्रि 12 से 1:30 बजे तक से कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम होगा। इसी तरह 17 अगस्त को दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक दधिकांदो एवं रात्रि 10:30 से रात्रि 12 बजे तक भण्डारा एवं महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि 22 अगस्त को रात्रि 12 से 1 बजे तक छट, 31 अगस्त को दोपहर 2 से 3 बजे तक राधा अष्टमी तथा 1 सितम्बर को दोपहर 3 से 4 बजे तक साधु संतों का भण्डारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम अन्य मंदिरों में भी होगा। इस क्रम में श्री गोविन्द जी मंदिर पन्ना में 16 अगस्त को रात्रि 11:30 बजे श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम होगा। इसके उपरांत छट तथा भण्डारा एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी तरह 16 अगस्त को श्री नवल किशोर मंदिर पन्ना में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम रात्रि 9 बजे, श्री बिहारी जी मंदिर रामबाग एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर बेनीसागर में रात्रि 9:30 बजे तथा श्री सारंगधर जी मंदिर सारंगपुर एवं इटवांखास के जुगल किशोर मंदिर में रात्रि 12 बजे से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम होंगे।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिलाओं के साथ लाठी-कुल्हाड़ी से मारपीट

**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम दरगुवां में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर महिलाओं सहित परिवार के सदस्यों पर लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मारपीट का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।दरगुवां निवासी हरिराम विश्वकर्मा ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब साढ़े चार बजे वह घर पर थे तभी बड़ामलहरा निवासी राहुल राय, नीलेश राय और बगौता निवासी भूपेंद्र राय स्कॉर्पियो गाड़ी से उनके घर पहुंचे। पहले आरोपियों ने गाली-गलौज की और जब हरिराम की मां और पत्नी ने विरोध किया तो उन पर लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। हरिराम के मुताबिक आरोपियों से उसकी पुरानी रंजिश है, जिसके चलते हमला किया गया है।

### नाबालिग बच्चे ने आभूषण की दुकान में दिखाई हाथ की सफाई

**बड़ामलहरा।** नगर के अस्पताल तिराहा क्षेत्र में एक ज्वेलर्स की दुकान से नाबालिग लड़के द्वारा स्वर्ण आभूषणों से भरा डिब्बा चोरी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नाबालिग बच्चे ने अपने हाथ की सफाई दिखाते हुए डिब्बा चोरी किया, लेकिन पूरी वारदात दुकान के सीसीटीवी में कैद हो गई। बड़ामलहरा निवासी राजेश कुमार सोनी ने बताया कि अस्पताल तिराहे पर उनकी हरिओम ज्वेलर्स नामक दुकान है। गुरुवार की दोपहर वह ग्राहकों को आभूषण बेचने में व्यस्त थे, तभी एक नाबालिग लड़के ने नाक में पहने जाने वाले स्वर्ण आभूषणों से भरा डिब्बा उठाया और दुकान के बाहर खड़े एक अन्य व्यक्ति के साथ भाग गया। यह पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई थी। दुकानदार की शिकायत पर थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ ही देर में संदिग्ध व्यक्ति को बाइक सहित पकड़ लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### शीर्ष प्रदर्शन वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की हुई सराहना

कलेक्टर ने कुपोषण की सही पहचान करने में शीर्ष प्रदर्शन वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पद्म चंदेल नौगांव 2, पार्वती पाल लवकुशनगर, रामबाई प्रजापति गौरिहार, रमा गौर नौगांव 1, सुषमा त्रिपाठी छतरपुर ग्रामीण की सराहना कर बधाई दी। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती परिहार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की स्क्रुटनी प्रक्रिया एक हफ्ते में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दस्तावेजी प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी ना हो अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिले में लिंगानुपात कम होने पर जागरूकता कार्यक्रम जिसमें बेटी बचाओ पेटी पढ़ाओ, बेटा बेटी में भेद ना हो के कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए और कहा कि विश्वरूप से लिंगानुपात में नीचे की पंचायतों में यह जागरूकता कार्यक्रम करें और यदि कहीं अवैध गर्भपात या भ्रूण टेस्ट की शिकायत आती है तो कार्यवाही के लिए सूचना दे। साथ ही सीईओ जिला पंचायत ने बाल विवाह रोकने के लिए भी निरंतर प्रयास करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश दिए और कहा कि सिर्फ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सूचना के अलावा सीडीपीओ भी इसमें सक्रिय रूप से बाल विवाह की घटनाओं के प्रति सक्रिय रहें। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि हर गर्भवती महिला की प्रथम एएनसी जांच हो, साथ ही सैम और मैम को चिन्हित करने के लिए मास्टर ट्रेनरों द्वारा माताओं को जरूरी सलाह दी जाए की क्या खाना है और कैसे स्तनपान कराना है, इसकी ट्रेनिंग के लिए एफएमसीएच का सहयोग ले।

### रैली निकालकर प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन, जमकर किया प्रदर्शन

# एसएससी परीक्षा में अनियमितताओं के खिलाफ शिक्षकों और छात्रों में आक्रोश

**छतरपुर।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं और दिल्ली में प्रदर्शनकारी शिक्षकों पर कथित अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर शिक्षकों और छात्रों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पन्ना रोड से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और नारेबाजी की। एक शिक्षण संस्थान के संचालक हरिश्चंद्र प्रजापति ने बताया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर बीते रोज शिक्षकों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बर्बर व्यवहार किया। एसएससी की उच्च स्तरीय भर्ती परीक्षाओं में ठेका कंपनियों द्वारा सिलेबस से बाहर के प्रश्न पूछे जा रहे हैं, जैसे डीजे वाले बाबू गाना किस रैपर ने गाया या लंदन ठुमकता गीत की गायिका कौन है। उन्होंने सवाल उठाया कि छात्र पढ़ाई करें या गाने सुनें? प्रदर्शनकारी शिक्षकों को 10-10 घंटे हिरासत में रखा गया, पीटा गया, और बस में घुमाया गया। महिला शिक्षकों को बाथरूम तक नहीं जाने दिया गया और पुरुष कॉन्स्टेबल द्वारा उनकी गिरफ्तारी की गई, जो संवैधानिक नियमों का उल्लंघन है। एसएससी छात्रा ज्योति यादव ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया, उन्हें बिना जानकारी के हिरासत में रखा गया, और सिलेबस से हटकर फालतू प्रश्न पूछे जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री से निष्पक्ष परीक्षा प्रक्रिया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।



## खराब सड़क को लेकर नगर पालिका में हुआ प्रदर्शन



### कीचड़ और जलभराव से परेशान वार्डवासी, रोड निर्माण की मांग

**छतरपुर। शहर के वार्ड नंबर 14 में खराब सड़क और कीचड़ की समस्या से त्रस्त निवासियों ने शुक्रवार को नगर पालिका में प्रदर्शन कर आवेदन सौंपा। उन्होंने रोड निर्माण में देरी और प्रशासन की अनदेखी पर आक्रोश जताते हुए शीघ्र कार्रवाई न होने पर सड़क जाम करने की चेतावनी दी।**
नई ईदगाह के पास रहने वाले मुन्नालाल अहिरवार ने बताया कि वार्ड नंबर 14 की सड़क की हालत इतनी खराब है कि कीचड़ के कारण न साइकिल, न मोटरसाइकिल, न रिक्शा निकल पाता है। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि तीन साल पहले नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सड़क का भूमि पूजन किया गया था, लेकिन सड़क कागजों में बनी, धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। इसी तरह स्थानीय निवासी गनेशी अहिरवार ने बताया कि वार्ड में चार साल से कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने नगर परिषद और कलेक्टर को कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वार्डवासियों ने नगर पालिका में आवेदन देकर तत्काल रोड निर्माण की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क जाम करेंगे।

# डॉक्टर पति की हत्या में प्रोफेसर पत्नी की उम्रकैद बरकरार, वैज्ञानिक दलीलें नाकाम

### हाईकोर्ट ने दी तुरंत सरेंडर करने की हिदायत

**छतरपुर। शहर के बहुचर्चित हत्याकांड में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने महिला प्रोफेसर की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। उन पर अपने डॉक्टर पति को नींद की गोलियां देकर करंट से मारने का आरोप था। कोर्ट में वैज्ञानिक दलीलों के बावजूद उनकी अपील खारिज कर दी गई है।**




प्राप्त जानकारी के मुताबिक 29 अप्रैल 2021 को छतरपुर के लोकनाथपुरम कॉलोनी में रिटायर्ड डॉ. नीरज पाठक की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हुई थी। उनकी पत्नी प्रोफेसर ममता पाठक ने दावा किया था कि वह अपने बेटे के साथ झांसी गई थीं और लौटने पर पति मृत मिले, लेकिन पुलिस जांच के बाद यह दावा किया गया कि प्रोफेसर ममता ने ही अपने पति को पहले नींद की गोलियां दीं और फिर करंट लगाकर हत्या की। उनके ड्राइवर के बयान, डॉ. नीरज पाठक की ऑडियो क्लिप में प्रताडन्ना का जिक्र और ममता की पुरानी शिकायत ने मामले को मजबूत किया। 2022 में सेशन कोर्ट ने प्रो. ममता पाठक को उम्रकैद की सजा सुनाई थी जिसे ममता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। प्रो. ममता पाठक ने पोस्टमॉर्टम में थर्मल और इलेक्ट्रिक बर्न के अंतर की कमी गिनाई, लेकिन कोर्ट ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर 29 जुलाई 2025 को जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल और देवनारायण मिश्रा की खंडपीठ ने छतरपुर की केमिस्ट्री प्रोफेसर ममता पाठक की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है, साथ ही तुरंत ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया।

## जर्जर हुई सड़कों की हालत, गड्ढों से हो रहे हादसे



### लोक निर्माण विभाग पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

**नौगांव।** नगर की प्रमुख सड़कों की हालत इन दिनों बदहाल हो गई है। सड़कों में बने 1 से 2 फीट गहरे गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग पर लग रहे उदासीनता और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच क्षेत्रीय विधायक ने भी कलेक्टर से जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर के वार्ड नंबर एक की सड़कों पर मई-2025 में लोक निर्माण विभाग ने लाखों रुपये खर्च कर डामरीकरण कराया था। करीब 1600 मीटर की इन सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं, क्योंकि एक माह के भीतर ही ये सड़कें उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गईं हैं। विभाग ने कुछ जगह सीमेंट से मरम्मत का प्रयास किया, लेकिन बारिश ने सड़कों को फिर से गड्ढों में बदल दिया। शुक्रवार की सुबह इसी मार्ग के गड्ढों में एसडीएम कोर्ट के पास एक ट्रक फंस गया। निवासियों और विधायक ने ठेकेदारों व विभाग की मिलीभगत से शासकीय धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है, वहीं क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर निर्माण की गुणवत्ता की जांच की मांग की है।

# जवाहर मार्ग पर ट्रक से टकराया तेज रफ्तार ट्रैक्टर

### ट्रक चालक और सहयोगी घायल, समाजसेवियों ने पहुंचाया अस्पताल

**छतरपुर।** शहर में अनियंत्रित ट्रैक्टरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। शुक्रवार की सुबह एक बार फिर जवाहर रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर, ट्रक से टकराया गया। इस जोरदार भिड़ंत में ट्रक का चालक और सहयोगी गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें समाजसेवियों ने अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जवाहर रोड पर सुबह करीब साढ़े 9 बजे एक ट्रक बस स्टैंड की ओर जा रहा था तभी पठापुर तिराहे के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहा ट्रैक्टर, ट्रक से टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक और उसके सहयोगी को गंभीर चोटें आईं। मौके से गुजर रहे भाजपा युवा मोर्चा के नेता और समाजसेवी अंचल जैन ने अपने साथियों के साथ तुरंत घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शहरवासियों ने ट्रैक्टरों की अनियंत्रित रफ्तार पर अंकुश लगाने की मांग जिला प्रशासन से की है।



## सुंदर कांड मंडल गठन में युवाओं का मिल रहा साथ

### दुबई से वर्चुअल जुड़े बागेश्वर महाराज, किया संबोधित, दिया आशीर्वाद

**छतरपुर।** इस समय बागेश्वर धाम की ओर से गांव-गांव सुंदरकांड मंडलों के गठन का अभियान चल रहा है। इस अभियान को लगातार समर्थन भी मिल रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सुंदरकांड मंडल गठन के लिए आगे आकर कार्य करने का संकल्प ले रहे हैं। इसी क्रम में विगत रोज बागेश्वर धाम की चार सदस्य टीम भोपाल के बाद इंदौर पहुंची जहां प्रमुख धार्मिक स्थलों में बैठक आयोजित कर लोगों से मुलाकात की। बागेश्वर महाराज भी वर्चुअल जुड़े। उन्होंने सनातन की रक्षा के लिए एकजुट होने का सबका आह्वान किया। जानकारी के मुताबिक बागेश्वर धाम के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल के बाद इंदौर और मालवा अंचल के विभिन्न क्षेत्र में प्रवास कर सुंदरकांड मंडल गठन के संबंध में लोगों से चर्चा की। इंदौर के रंजीत हनुमान मंदिर, राम टेकरी मंदिर, पितृ पर्वत मंदिर सहित कई स्थानों पर लोगों के साथ बैठक करते हुए आगामी 7 से 16 नवंबर तक सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के लिए लोगों से शामिल होने हेतु आग्रह किया। महिला मंडल गठन के संबंध में भी चर्चा हुई। वहीं एक हाल में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेंद्र शास्त्री ने वर्चुअल जुड़कर सभी को संबोधित करते हुए सुंदरकांड मंडल गठन की आवश्यकता, उद्देश्य और कार्य पद्धति को विस्तार से समझाया। यदि इंदौर में सुंदरकांड मंडलों की संख्या 500 पहुंच जाएगी तो महाराज श्री एक दिन सम्मेलन के लिए इंदौर आएंगे। भारत को फिर से हिंदू राष्ट्र बनाने में सबके सहयोग की आवश्यकता दोहराई गई। गठन के संबंध में हुई बैठकों में सबका समर्थन मिल रहा है। छतरपुर से प्रतिनिधि मंडल के रूप में राजेंद्र अवस्थी, सुंदरलाल रैकवार, ओमप्रकाश तिवारी, धीरज शर्मा पप्पू और रोहित पाठक विशेष रूप से शामिल रहे।



## छतरपुर-1 एवं लवकुशनगर सीडीपीओ को शोकॉज

**छतरपुर।** गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को समय से पोषण आहार वितरित ना होने पर छतरपुर-1 एवं लवकुशनगर सीडीपीओ को कलेक्टर ने शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि महीने में 24 आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर बच्चों की उपस्थिति का निरीक्षण करे। विशेषरूप से गौरिहार, राजनगर आंगनवाडिय़ों में बच्चों की उपस्थिति कम होने पर संबंधित सीडीपीओ को निर्देशित किया।

### कुपोषित बच्चे को एनआरसी में भर्ती कराएं

कलेक्टर ने गौरिहार एवं बक्सवाहा में पोषण पुनर्वास केंद्रों में कम बच्चे भर्ती रहे, जिसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए कि मानक अनुसार 14 दिनों में ही भर्ती के पश्चात पोषित होने के बाद बच्चों को छोड़े। साथ ही कोई भी कुपोषित बच्चा जो एनआरसी में भर्ती के लायक है, वह ना छुटे। कलेक्टर ने नवीन निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए संबंधित क्षेत्रों के सीडीपीओ को निर्देशित किया कि प्रगतिरत भवनों का निरीक्षण करे और प्रगति बढ़ाएं एवं अप्रारंभ भवनों में कार्य शुरू कराएं। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना में भी आवेदन बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में प्रथम डिलीवरी के पश्चात के शेष आवेदनों को फीड कराने के निर्देश दिए। साथ ही ई द्वितीय डिलीवरी में बच्ची के जन्म पर भी योजना के कोई आवेदन ना छूटने पाए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना पर बल देते हुए कहा कि 18 वर्ष तक के अनाथ बच्चों जिनके माता पिता नहीं है, के लिए यह बहुत अच्छी योजना है जिसमें उन्हें 4 हजार रुपए आर्थिक सहायता 18 वर्ष होने तक दी जाती है। जिसके लिए कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारयों को निर्देशित किया कि हर हफ्ते आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के माध्यम से एक अभियान चलाएं, जिसमें कोई भी अनाथ बच्चा इस योजना से वंचित ना रहे। बाल देख रेख संस्थाओं में भी उन्हें पंजीकृत करें। एफएमसीएच भारत द्वारा पोषण की कमी का पता लगाने के लिए सैम और मैम की पहचान के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों का सही वजन लिया जा रहा या नहीं। की ट्रेनिंग दी जाती है। 236 आंगनवाडिय़ों में सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर द्वारा पायलेट प्रोग्राम के तौर पर सैम और मैम की पहचान कर सही पैमाने पर डेटा एकत्र करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ग्राम पंचायत भैरा में हो रहा भ्रष्टाचार



### पंचों ने जनपद सीईओ से की शिकायत

**छतरपुर।** राजनगर जनपद की ग्राम पंचायत भैरा में व्यापक भ्रष्टाचार किए जाने और फर्जी तरीके से कार्य कराए जाने के आरोप सामने आए हैं। पंचायत के पंचों ने शुक्रवार को जनपद कार्यालय राजनगर में शिकायत दर्ज कराते हुए सरपंच और सचिव पर बिना उनकी सहमति के कार्य कराने और राशि का आहरण करने के आरोप लगाए।भैरा निवासी चरनदास कुशवाहा ने बताया कि सरपंच प्यारेलाल आदिवासी और सचिव द्वारा पंचों को कभी ग्राम सभा में नहीं बुलाया गया, न ही किसी कार्य के लिए उनकी सहमति या दस्तखत लिए गए। तालाब गहरीकरण, सीसी रोड, नाली निर्माण और साफ-सफाई जैसे कार्यों में भारी अनियमितता और फर्जीवाड़े का आरोप है। चरनदास ने कहा कि सभी कार्य कागजों पर ही हुए हैं, और धरातल पर कोई काम नहीं दिखता। पंचों ने जनपद सीईओ राकेश शुक्ला को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। वहीं इस मामले में सीईओ राकेश शुक्ला ने बताया कि शिकायत में उल्लेखित बिंदुओं की जांच कराई जाएगी, और जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गौशाला में फैली अव्यवस्था, गौवंश की हालत दयनीय

### निर्माण में हुई भारी अनियमितता, जमकर किया गया भ्रष्टाचार



**नौगांव।** जनपद के ग्राम लुगासी में मध्य प्रदेश शासन द्वारा बनाई गई गौशाला के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार और वर्तमान में यहां अव्यवस्था फैले होने का मामला सामने आया है। दो वर्ष पहले लाखों रुपये खर्च कर निर्मित गौशाला की स्थिति इन दिनों बदहाल है और गौवंश की देखभाल में भारी लापरवाही बरती जा रही है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक लगभग 35 लाख रुपये की लागत से बनी इस गौशाला के निर्माण में ग्राम पंचायत और इंजीनियरों की मिलीभगत से भारी भ्रष्टाचार किया गया, जिसके चलते मात्र दो वर्षों में ही यहां का टीन शेड जंग खाकर गिरने लगा है और दीवारों में भी दरारें आ गईं हैं। गौशाला में करीब 125 नग गौवंश हैं, जिनके लिए भूसे की पर्याप्त व्यवस्था होने के बावजूद पर्याप्त भोजन नहीं दिया जाता। यही कारण है कि गत एक माह में यहां से 10 से 15 गायों की मौत हो चुकी है। यहां रहने वाला गौवंश कीचड़ में खड़े रहने को मजबूर हैं और बीमार पड़ रहा है। यह गौशाला, गांव से दो किलोमीटर दूर है लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं है। जनपद सीईओ नौगांव प्रभास कुमार ने निर्माण कार्य और अव्यवस्था की जांच का आश्वासन दिया है।

खबर संक्षेप

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर द्वारा कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में वर्तमान सत्र (2025-26) हेतु रिक्त स्थानों के लिए विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आगामी 10 अगस्त तक किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट नवोदय डाट जीओव्ही डाट इन से डाउनलोड कर भरा जा सकता है और विद्यालय के ईमेल जेएनरीवा एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर प्रेषित किया जा सकता है। आवेदन पत्र विद्यालय से कार्यालय समय में निःशुल्क भी प्राप्त किये जा सकते हैं तथा ऑनलाइन आवेदन गूगल लिंक के माध्यम से भी किये जा सकते हैं।इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का चयन कक्षा 10वीं के प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा। आवेदक की जन्म तिथि एक जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होनी चाहिए। आवेदक ने कक्षा 10वीं की परीक्षा सत्र 2024-25 में रीवा जिले से ही कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उतीर्ण की हो। चयन प्रक्रिया नवोदय विद्यालय के नियमों के अनुसार ही पूर्ण की जायेगी।

## चाकूबाजी के मामले में घायल युवक की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** दो गुटों के बीच हुई चाकूबाजी में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। चाकूबाजी के मामले में दो युवकें की पहले ही मौत हो चुकी है। गौरतलब है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला अस्पताल के सामने स्थित चौपाटी में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात हुई चाकूबाजी की घटना हुई थी। इस वारदात में गंभीर रूप से घायल युवक का जबलपुर में इलाज चल रहा था। गुरुवार को घायल युवक ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार वारदात के दिन 15 से 17 वर्ष की उम्र के नाबालिग लड़कों ने गायत्री नगर निवासी 23 वर्षीय रोशन सिंह, 22 वर्षीय उत्कर्ष दुबे और 20 वर्षीय विनेश उर्फ विशेष कारिकांत पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। इस हमले में रोशन सिंह और उत्कर्ष दुबे की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि विनेश गंभीर रूप से घायल हुआ था और उसे इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया था। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

## फिटनेस और टैक्स बकाया होने पर ट्रक जब्त

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार और परिवहन आयुक्त के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने और बकाया करों की वसूली करने के उद्देश्य से बरही थाना क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट और बीमा वैध नहीं पाये जाने पर एक ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 4707 को जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जनवरी 2024 से इस वाहन पर 94 हजार 672 रुपये का कर बकाया पाया गया। इन अनियमितताओं के कारण वाहन को तत्काल जब्त कर बरही पुलिस थाना में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

बुआई का समय, किसानों के सामने बिजली का संकट जले ट्रांसफार्मर को बदल नहीं पा रहा विभाग

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण के 21 जिलों में सबसे अधिक रीवा में ट्रांसफार्मर फेल, जिले के 183 ट्रांसफार्मर खराब



**रीवा।** मध्य प्रदेश के जबलपुर डिविजन स्थित पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के 21 जिलों में सबसे ज्यादा ट्रांसफार्मर रीवा जिले में खराब हो चुके हैं। इस समय जिले में 183 ट्रांसफार्मर जल चुके हैं, जो अब तक बदले नहीं गए हैं। बिजली की सप्लाई में इस बड़ी कमी के कारण किसानों और आम नागरिकों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। बुआई का मौसम चल रहा है, और बारिश की कमी के कारण खेतों की सिंचाई के लिए किसान पूरी तरह से बिजली पर निर्भर हैं। खराब ट्रांसफार्मर के कारण किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही, जिससे उनकी कृषि गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। बता दे अभी तक लाइन खराबके मामले में रीवा बदनाम था। अब खराब ट्रांसफार्मरों के मामले में भी सबसे आगे है। जिले के सभी डिवीजन में खराब ट्रांसफार्मरों की बाढ़ सी आ गई है। यह समस्या अभी की नहीं है। हमेशा ही बनी रहती है। पर्याप्त ट्रांसफार्मर डिवीजन को नहीं मिल पाते। इसके कारण खराब डीटीआर बदले नहीं जाते। स्थानीय लोग खराब ट्रांसफार्मर को लेकर कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। यह वह खराब ट्रांसफार्मरों की लिस्ट हैं, ज़िनकी डिमांड जेई ने आनलाइन दर्ज कराई है। कई ऐसे भी ट्रांसफार्मर हैं जो अभी आनलाइन दर्ज ही नहीं हुए हैं। उनकी संख्या कहीं ज्यादा है। यह समस्या पूर्व सीई आई के त्रिपाठी के समय भी थी। यह समस्या नई सीई प्रतिमा पाण्डेय के आने के बाद भी बनी हुई है। खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं। इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। रीवा संभाग खराब ट्रांसफार्मरों की स्थिति की बात करें तो रीवा में 183, सतना में 97, सीधी में 116, व सिंगरौली में 49 है। कुल मिलाकर पूरे विंध्य क्षेत्र में 445 ट्रांसफार्मर फेल हो चुके है। किंतु विभाग केवल कागजों में खानापूर्ति करने में जुटा हुआ है। स्थिति यह है कि विभाग की लापरवाही कारण किसान परेशान है। और कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। बॉक्सकिसानों को भारी संकट, बुआई पर असरफसलों की सिंचाई के लिए बोर और पंप की निर्भरता बढ़ने से खराब ट्रांसफार्मर किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। बुआई का समय है, और यदि बिजली की आपूर्ति बाधित होती है तो किसानों को अपने खेतों में पानी नहीं मिल पाएगा, जो उनकी फसल की गुणवत्ता और मात्रा पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण बिजली सप्लाई में हो रही रुकावटें किसानों की दिनचर्या को प्रभावित कर रहीहैं।बॉक्सविभाग की लापरवाही से समस्या बढ़ीबिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा हर हफ्ते ट्रांसफार्मर के लिए सतना स्टोर से गाड़ियां भेजी जाती हैं, लेकिन वहां से कोई ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिसके चलते गाड़ियां खाली वापस लौट रही हैं। विभाग की इस लापरवाही के कारण समस्याएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं, और इससे न केवल किसानों बल्कि आम नागरिकों को भी परेशानी हो रही है।

वेस्ट डिवीजन और मऊगंज डिवीजन में हालत सबसे खराबजिले के पश्चिम संभाग (वेस्ट डिवीजन) और मऊगंज डिवीजन की स्थिति सबसे खराब है। वेस्ट डिवीजन में कुल 138 ट्रांसफार्मर जल चुके हैं, और मऊगंज डिवीजन में 58 ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। इन ट्रांसफार्मरों की मरम्मत या रिप्लेसमेंट का काम अब तक नहीं हुआ, जिससे पूरे इलाके में बिजली की आपूर्ति में विघ्न उत्पन्न हो रहा है।

***पूर्व विधायक का पत्र, लेकिन समाधान नहींगौरतलब है कि त्योंथर के पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने भी इस मुद्दे पर मुख्य अभियंता को पत्र भेजा था, जिसमें उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत और बदलने की मांग की थी। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इसके अलावा, अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अधिकारियों से इस समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।बॉक्सशहर छोड़ ग्रामीण इलाकों में स्थिति गंभीरशहर में स्थिति थोड़ी बेहतर है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण बिजली की स्थिति बहुत खराब है। कई गांवों में तो महीनों से ट्रांसफार्मर जलने के बाद उनकी रिप्लेसमेंट नहीं हुई है, जिसके कारण लोग अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर हैं।***

# सड़क दुर्घटना में पीड़ित को गोल्डेन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेगा पुरस्कार

रीवा।



सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेश उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में निजी अस्पताल प्रबंधकों की बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को उपचार दिलाये जाने के लिये सभी अस्पताल पोर्टल में 5 अगस्त तक पंजीबद्ध हों तथा पीड़ितों को कैशलेश उपचार सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहगीर योजनान्तर्गत 25 हजार रूपये का पुरस्कार भी दिया जायेगा अतः सभी अस्पताल में रजिस्टर संधारित करें तथा उसमें पहुंचाने वाले का नाम व मोबाइल नं. अंकित करें। कलेक्टर ने बताया कि कैशलेश उपचार उपलब्ध कराने के उपरांत संबंधित अस्पताल को शासन द्वारा राशि का भुगतान किया जायेगा। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी अस्पताल दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा उपचार देंगे ताकि संबंधित मरीज की जांच बच सके साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दें और दुर्घटना पीड़ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति का विवरण रजिस्टर में दर्ज करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ल ने अस्पताल प्रबंधकों से अपेक्षा की कि नियत समय तक पोर्टल में आवश्यक जानकारी दर्ज करायें तथा अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करें ताकि कैशलेश योजना के तहत राशि संबंधित अस्पताल को मिल सके।

# सड़क दुर्घटना होने पर ईडार के माध्यम से किये जाने वाली कार्यवाही की कलेक्टर ने की समीक्षा



रीवा ।

कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिले में सड़क दुर्घटना होने पर ईडार पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाली कार्यवाही की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि संबंधित थाना से ईडार में समस्त जानकारी व डाटा इंट्री अपलोड करने के उपरांत संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों तथा मुख्य सड़कों में दुर्घटनाओं के अधिक प्रकरण सामने आते हैं। संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी थानों द्वारा दर्ज किये एफआईआर के उपरांत संपूर्ण विवरण अनुसार कार्यवाही करें। दुर्घटना संभावित स्थानों में सड़क सुधार, प्लेटफार्म निर्माण तथा संकेतक आदि लगाकर दुर्घटना से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने पुलिस विभाग के साथ ही सड़क निर्माण एजेंसियों के प्रमुखों को शामिल कर वाट्सअप ग्रुप बनाने के निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण विभाग यूजर आईडी पासवर्ड का उपयोग करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि प्रति सप्ताह यह बैठक आयोजित करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीआरपी ने पकड़ा चलती ट्रेन में चोरी करने वाला शातिर बदमाश, महिला का बैग बरामद



रीवा।

चलती ट्रेन में यात्रियों के सामान चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को रीवा जीआरपी पुलिस ने खजुराहो से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक महिला यात्री का बैग चुराया था, जिससे पुलिस ने सोने की चेन, अंगूठी और नगद राशि बरामद की है।यह घटना 28 जुलाई को प्रयागराज से अंबेडकर नगर जा रही एक ट्रेन में घटित हुई थी। महिला यात्री कमला साहू ने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई कि उनका बैग चोरी हो गया था। बैग में करीब 12 हजार रुपए नकद, सोने की चेन और अंगूठी थी। आरोपी की पहचान संजय सेन के रूप में हुई, जो खजुराहो का निवासी है। जीआरपी को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि महिला यात्री ट्रेन में सो रही थी और उसका बैग सिर के नीचे रखा हुआ था। इसी दौरान उसने चुपके से बैग चोरी किया और अगले स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महिला का बैग और अन्य सामान बरामद कर लिया है। जीआरपी अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि क्या उसने और भी ट्रेन में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है

## शिक्षक ने दूसरे प्राध्यापक पर लगाया मारपीट का गंभीर आरोप, कलेक्टर से न्याय की मांग

रीवा।



जिले के गगेव ब्लॉक के ग्राम आंबी में पदस्थ एक शिक्षक ने अपने ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। घटना 21 जुलाई को उस समय हुई जब शिक्षक बाल्मिक प्रसाद तिवारी विद्यालय में प्रवेश फार्म भरने का कार्य कर रहे थे। उनका कहना है कि इसी दौरान प्रधानाध्यापक दयाशंकर त्रिपाठी ने अचानक उनके साथ मारपीट की, जिसके परिणामस्वरूप उनके हाथ की उंगली टूट गई और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद शिक्षक बाल्मिक तिवारी ने पहले तो आसपास के लोगों से मदद ली और फिर थाना में जाकर शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित शिक्षक ने कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल से मामले की गंभीर जांच की मांग की थी, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई। हालांकि, शिक्षक का आरोप है कि यह जांच केवल औपचारिकता तक सीमित रही है और अभी तक किसी भी दोषी पर कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि टीम ने विद्यालय में जाकर शिक्षकों से पूछताछ की, लेकिन जांच की स्थिति या किसी प्रकार की रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है। साथ ही, प्रधानाध्यापक के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। गुरुवार को शिक्षक बाल्मिक तिवारी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर से व्यक्तिगत रूप से न्याय की अपील की। उन्होंने बताया कि उनके साथ हुई मारपीट की घटना ने न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है, बल्कि उनकी मानसिक स्थिति भी काफी बिगड़ गई है। पीड़ित शिक्षक ने इस पूरे मामले में कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताते हुए कहा, जांच के नाम पर केवल लीपापोती हो रही है। मुझे उम्मीद है कि कलेक्टर इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करेंगे और न्याय दिलवाएंगे।

## घर में घुसकर बाइक चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार



रीवा।

जिले के सेमरिया थाना पुलिस ने घर का शटर काटकर घर के अंदर घुसकर मोटर साइकल चोरी करने वाले आरोपियों गिरफ्तार किया है, घटना 11 जुलाई को सामने आई थी जिसकी शिकायत सेमरिया थाना में रामनारायण कश्यप पिता रमेश प्रसाद कश्यप 46 साल निवासी वार्ड नं. 03 सेमरिया ने पुलिस से की थी। पीड़ित ने बताया था कि 7 जुलाई को उसने अपनी मोटर साइकल बुलट को घर के अंदर रख दिया था और वह जरूरी काम से बाहर गया हुआ था। 11 मई को जब घर वापस आया तो शटर साइड से टूटा हुआ था और अंदर खड़ी बाइक घर से गायब थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की और प्रकरण में संदेही सुजीत विश्वकर्मा पिता अवनीश विश्वकर्मा 20 वर्ष, रोहित विश्वकर्मा पिता संतोष विश्वकर्मा 26 वर्ष व शालू खान उर्फ जाविद खान पिता सूरज खान 21 वर्ष सभी निवासी कस्बा सेमरिया से कड़ाई से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बुलट बरामद की। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मऊगंज विधायक ने खाद संकट को लेकर सरकार को लिखा पत्र

किसानों के हित में उठाई सशक्त आवाज!

मऊगंजः



जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर स्थानीय भाजपा विधायक प्रदीप पटेल ने सक्रिय पहल की है। उन्होंने प्रदेश के कृषि मंत्री को एक पत्र लिखकर जिले में खाद की विकट कमी को दूर करने हेतु अतिशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, इन दिनों जिले के विभिन्न खाद वितरण केंद्रों में उर्वरक की भारी कमी देखने को मिल रही है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि किसान सुबह से कतार में लगने के बावजूद शाम को खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की मदद भी लेनी पड़ी है, वहीं कई किसानों को सिर्फ धक्के खाने पड़ रहे हैं।

### विधायक ने दिखाया संवेदनशील रवैया!

किसानों की पीड़ा को लेकर विधायक प्रदीप पटेल ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा, रकिसान हमारे अन्नदाता हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद की अनुपलब्धता उनके लिए एक बड़ा संकट बनती जा रही है। इसीलिए मैंने कृषि मंत्री को पत्र लिखकर जिले में तत्काल खाद आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### खाद आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार की मांग!

पत्र में विधायक ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि जिले के अधिकांश कृषि केन्द्रों पर खाद की सीमित आपूर्ति हो रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में असंतोष बढ़ रहा है। किसानों की मेहनत और खेती का समय व्यर्थ न जाए, इसके लिए सरकार को अतिरिक्त खाद रैक की व्यवस्था करनी चाहिए।

### किसानों की नजरें सरकार पर टिकीं

अब जबकि विधायक स्तर से सरकार को पत्राचार किया जा चुका है, किसानों को उम्मीद है कि शासन जल्द कोई ठोस कदम उठाएगा। यदि समय पर खाद नहीं पहुँची तो खरीफ फसल की बुवाई पर विपरीत असर पड़ सकता है।

### कृषि विभाग पर भी उठे सवाल

स्थानीय किसानों का आरोप है कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं है और कई बार बिचौलियों के जरिए खाद की कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आई हैं। ऐसे में यह देखना अहम होगा कि सरकार सिर्फ आपूर्ति ही नहीं, बल्कि वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए भी क्या कदम उठाती है।मऊगंज विधायक द्वारा उठाया गया यह कदम किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह समय रहते खाद संकट का समाधान करे और अन्नदाताओं को राहत प्रदान करे।

# आबकारी तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की





**मऊगंज।** कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के निर्देश मे आबकारी एंव पुलिस की सयुंक्त टीम ने कारवाई करते हुए ग्राम-खोखला मे उमाशंकर केवट के रिहायशी माकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, राजबहोर केवट के रिहायशी माकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 04 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, छोटे लाल कोल के रिहायशी माकान से 60 किलोग्राम महुआ लाहन, बैजनाथ कोल के रिहायशी माकान से 120 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 04 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,मंगल कोल के रिहायशी माकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन,छोटे कोल के रिहायशी माकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 12 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,सुरेश कोल के रिहायशी माकान से 120 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-सरदवन मे अरुण कुमार सिंह के रिहायशी माकान से 19 पाव जिप्सी व्हिस्की, जगजीवन सिंह के रिहायशी माकान से 14पाव जिप्सी व्हिस्की,ग्राम नकवार मे दिनेश साहू के रिहायशी माकान से 16 केन पावर कूल बियर, लक्ष्मी चंद्र गुप्ता के रिहायशी माकान से 16 पाव जिप्सी व्हिस्की,अमृत लाल गुप्ता के रिहायशी माकान से 17 पाव जिप्सी व्हिस्की,ग्राम पिपराही मे राजभान सिंह के रिहायशी माकान से 18 पाव जिप्सी व्हिस्की ग्राम-जडकुड मे अब्बास अली के रिहायशी माकान से 26 केन पावर कूल बियर,कशीमुन निशा के रिहायशी माकान से 29 पाव पावर कूल बियर,उमाशंकर यादव के रिहायशी माकान से 18पाव देशी मदिरा जब्त कर म॰प्र० आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। आज की कार्यवाही में कुल 16 प्रकरणों मे 71 केन पावर कूल बियर, 84 पाव जिप्सी व्हिस्की,18पाव सादा,25लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 820 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 109090 रुपए /- है। सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।